SarkariExam.Com

अपडेट सबसे पहले

अब घंटो पढ़ने की जरूरत नहीं, मात्र कुछ मिनटों मे ही लीजिये Current Affairs की जानकारी – और रहिए अपडेट ॥ अब से हर रोज RRB Railway ASM/ NTPC – 2, RPF Exam के लिए के Current Affairs के महत्वपूर्ण प्रश्नों की अपडेट हम आपको देंगे, जो करेंगे मदद आपके सभी Exams मे और आपका सरकारी नौकरी पाने का सपना होगा सच ॥

Special 20 Questions for Current Affairs 17/02/2020

Q1. अमेजन और फ्लिपकार्ट के खिलाफ सीसीआई की जांच पर किसने रोक लगा दी है?

क. दिल्ली हाईकोर्ट

ख. महाराष्ट्र हाईकोर्ट

ग. राजस्थान हाईकोर्ट

घ. कर्नाटक हाईकोर्ट

कर्नाटक हाईकोर्ट ने हाल ही में अमेजन और फ्लिपकार्ट ई-कॉमर्स कंपनियों के पक्ष में फैसला सुनाते हुए उनके खिलाफ भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) के जांच के आदेश पर रोक लगा दी है.

SarkariExam.Com

Q2. यूरोपियन चैम्पियंस लीग में खेलने पर इंग्लिश क्लब मैनचेस्टर सिटी पर कितने वर्ष का प्रतिबंध लगा दिया गया है?

क. 2 वर्ष

ख. 4 वर्ष

ग. 6 वर्ष

घ. 10 वर्ष

इंग्लिश क्लब मैनचेस्टर सिटी को एफएफपी नियम के उल्लंघन का दोषी पाए जाने पर यूरोपियन चैम्पियंस लीग में खेलने पर 2 वर्ष का प्रतिबंध लगा दिया है. साथ ही मैनचेस्टर सिटी पर 232 करोड़ रुपए का जुर्माना लगाया गया है. लेकिन मैनचेस्टर इस साल यूईएफए में अपना सफर जारी रखेगी.

Q3. राकेश सिंह की जगह किसे भाजपा ने खजुराहो से नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है?

क. अरूण सिंह

ख. वीडी शर्मा

ग. संजय वर्मा

घ. सुमित त्रिपाठी

राकेश सिंह की जगह वीडी शर्मा को भाजपा ने खजुराहो से नया प्रदेश अध्यक्ष नियुक्त किया है. वे लम्बे समय से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद (एबीवीपी) से जुड़े हुए थे साथ ही वे भाजपा संगठन में प्रदेश महामंत्री का पद भी संभाल चुके हैं.

SarkariExam.Com

Q4. आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल ____ को तीसरी बार दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप शपथ ग्रहण करेंगे?

क. 16 फरवरी

ख. 17 फरवरी

ग. 18 फरवरी

घ. 25 फरवरी

आम आदमी पार्टी के प्रमुख अरविंद केजरीवाल 16 फरवरी को दिल्ली के रामलीला मैदान में तीसरी बार दिल्ली के मुख्यमंत्री के रूप शपथ ग्रहण करेंगे. उनके साथ पूरी कैबिनेट भी शपथ लेगी.

Q5. भारतीय एथलीट भावना जाट ने कितने किलोमीटर पैदल रेस वर्ग में अपना नेशनल रिकॉर्ड तोड़ते हुए ओलिंपिक कोटा पक्का कर लिया है?

क. 10 किलोमीटर

ख. 20 किलोमीटर

ग. 30 किलोमीटर

घ. 50 किलोमीटर

भारतीय एथलीट भावना जाट ने 20 किलोमीटर पैदल रेस वर्ग में अपना नेशनल रिकॉर्ड तोड़ते हुए ओलिंपिक कोटा पक्का कर लिया है. एथलीट भावना जाट ने यह रेस 1 घंटा 29 मिनट और 54 सेकंड में पूरी करते हुए अपना 1 घंटा 38 मिनट 30 सेंकड का नेशनल रिकॉर्ड तोड़ दिया है.

SarkariExam.Com

Q6. भारतीय क्रिकेट टीम के किस खिलाडी ने इंटरनेशनल वनडे में 50+ स्कोर में सर्वश्रेष्ठ प्रतिशत के मामले में इयान चैपल को पीछे छोड़ दिया है?

क. रोहित शर्मा

ख. विराट कोहली

ग. श्रेयस अय्यर

घ. के एल राहुल

भारतीय क्रिकेट टीम के खिलाडी श्रेयस अय्यर ने इंटरनेशनल वनडे में 50+ स्कोर में सर्वश्रेष्ठ प्रतिशत के मामले में इयान चैपल को पीछे छोड़ दिया है. उन्होंने 18 इंटरनेशनल वनडे मैचों के करियर में 16 पारियों में 1 शतक और 8 अर्द्धशतक लगाये है.

Q7. दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम का कौन सा खिलाडी टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे तेज अर्धशतक बनाने वाला पहले दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज बन गया हैं?

क. डेविड वार्नर

ख. क्विंटन डिकॉक

ग. ग्लेन मेग्ग्राथ

घ. जेम्स एंडरसन

दक्षिण अफ्रीका क्रिकेट टीम के क्विंटन डिकॉक हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टी-20 मैच में 17 गेंदों में अर्धशतक बनाकर टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में सबसे तेज अर्धशतक बनाने वाले पहले दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाज बन गए है.

SarkariExam.Com

Q8. भारतीय टीम के किस स्पिनर गेंदबाज ने आईपीएल 2020 के बाद क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास लेने के घोषणा की है?

क. कुलदीप यादव

ख. युजवेंद्र चहल

ग. हरभजन सिंह

घ. आर अश्विन

भारतीय टीम के स्पिनर गेंदबाज हरभजन सिंह ने आईपीएल 2020 के बाद क्रिकेट के सभी फॉर्मेट से संन्यास लेने के घोषणा की है. सूत्रों के अनुसार वे आईपीएल के दौरान ही अपने करियर को लेकर आधिकारिक घोषणा करेंगे.

Q9. अमेरिका ने किस देश के सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल शावेंद्रा सिल्वा पर युद्ध अपराधों के लिए प्रतिबंध लगा दिया है?

क. जापान

ख. चीन

ग. श्रीलंका

घ. ऑस्ट्रेलिया

श्रीलंका के सेना प्रमुख लेफ्टिनेंट जनरल शावेंद्रा सिल्वा पर युद्ध अपराधों के लिए अमेरिका ने प्रतिबंध लगा दिया है. अमेरिका ने शावेंद्रा सिल्वा पर यात्रा, आर्थिक मामलों समेत कई तरह के प्रतिबंध लागू कर दिए है.

SarkariExam.Com

Q10. भारत और किस देश के बीच समुद्री, हवाई क्षेत्र और वैज्ञानिक अनुसंधान क्षेत्र में 7 समझौतों पर हस्ताक्षर हुए है?

क. जापान

ख. इंडोनेशिया

ग. पुर्तगाल

घ. नार्वे

भारत और पुर्तगाल के बीच समुद्री, हवाई क्षेत्र और वैज्ञानिक अनुसंधान क्षेत्र में 7 समझौतों पर हस्ताक्षर हुए है. राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने पुर्तगाल की यात्रा के दौरान पुर्तगाल के राष्ट्रपति मार्सेलो रेबेलो डी सूसा से मुलाकात करते हुए दोनों देशो के राष्ट्रपति ने इन 7 समझौतों पर हस्ताक्षर किये.

Q11. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हाल ही में पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्थल का लोकार्पण करने के लिए किस शहर की यात्रा पर गए है?

क. पुणे

ख. दिल्ली

ग. मुंबई

घ. वाराणसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हाल ही में पंडित दीनदयाल उपाध्याय स्मृति स्थल का लोकार्पण करने के लिए वाराणसी शहर की यात्रा पर गए है वे साथ ही पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 63 फीट ऊंची प्रतिमा का अनावरण करेंगे और विश्वनाथ मंदिर में अन्न क्षेत्र की शुरुआत करेंगे.

SarkariExam.Com

Q12. आइएनएस शिवाजी को किसने लोनावाला में प्रेसिडेंट कलर से सम्मानित किया है?

क. नरेंद्र मोदी

ख. रामनाथ कोविंद

ग. अमित शाह

घ. इनमे से कोई नहीं

लोनावाला में आइएनएस शिवाजी को राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने प्रेसिडेंट कलर से सम्मानित किया है. वे भारतीय नौसेना का प्रथम श्रेणी का प्रशिक्षण प्रतिष्ठान है और अब तक 2 लाख से अधिक सैन्य कर्मियों को प्रशिक्षण दे चुके है.

Q13. केंद्र सरकार ने कितनी सरकारी बीमा कंपनियों में 2,500 करोड़ रुपये डालने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है?

क. 2 सरकारी बीमा कंपनियों

ख. 3 सरकारी बीमा कंपनियों

ग. 4 सरकारी बीमा कंपनियों

घ. 5 सरकारी बीमा कंपनियों

केंद्र सरकार ने 3 सरकारी बीमा कंपनियों में 2,500 करोड़ रुपये डालने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है. सरकार ने यह फैसला इन कंपनियों की खराब वित्तीय स्थिति के सुधार के लिए लिया है.

SarkariExam.Com

Q14. वरिष्ठ आईएएस अधिकारी राजीव बंसल को किस एयरलाइन कंपनी का सीएमडी नियुक्त किया गया है?

क. इंडिगो

ख. किंगफ़िशर

ग. एयर इंडिया

घ. फ्रेंक्लिन

वरिष्ठ आईएएस अधिकारी राजीव बंसल को एयर इंडिया कंपनी का सीएमडी नियुक्त किया गया है. साथ ही एयर इंडिया में सरकार ने पूरी हिस्सेदारी बेचने की घोषणा की है. हालाँकि राजीव बंसल अभी पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय में अपर सचिव हैं.

Q15. चीन के किस शहर में कोरोना वायरस के करीब 4,823 नए मामले हुए है?

क. बीजिंग

ख. हुबेई

ग. वुहान

घ. क्सियन

चीन के हुबेई शहर में कोरोना वायरस के करीब 4,823 नए मामले हुए है. हाल ही में चीन में कोरोना वायरस से मरने वाले लोगों का कुल आंकड़ा लगभग 1,500 तक पहुंच गया है.

SarkariExam.Com

Q16. भारत के किस राज्य सरकार ने जल जीवन मिशन के लिये केंद्र सरकार के आर्थिक मदद के मानदंडों में बदलाव की मांग की है?

क. केरल सरकार

ख. गुजरात सरकार

ग. राजस्थान सरकार

घ. पंजाब सरकार

राजस्थान सरकार ने वर्ष 2024 राज्य के परिवार के लिए प्रति दिन 55 लीटर पानी की आपूर्ति की योजना को पूरा करने के लिए हाल ही में जल जीवन मिशन के लिये केंद्र सरकार के आर्थिक मदद के मानदंडों में बदलाव की मांग की है. हालाँकि अभी केवल 12 प्रतिशत घरों में पाइप से जलापूर्ति हो रही है.

Q17. हाल ही में हरियाणा सरकार ने पढ़ने की आदतों को बढ़ावा देने के लिए किस अभियान की शुरुआत की है?

क. गो हरियाणा

ख. रीड हरियाणा

ग. गो फ्यूचर हरियाणा

घ. रीडिंग मिशन हरियाणा

हाल ही में हरियाणा सरकार ने पढ़ने की आदतों को बढ़ावा देने के लिए "रीडिंग मिशन हरियाणा" की शुरुआत की है. जिसके तहत पुस्तक समीक्षा और समाचार पत्रों और पुस्तकों को पढ़ने पर चर्चा के लिए समय आवंटित किया जाएगा.

SarkariExam.Com

Q18. आयकर विभाग ने आधार से पैन कार्ड के नहीं जुड़े होने पर कब से को पैन कार्ड निष्क्रिय करने के घोषणा की है?

क. 28 फ़रवरी

ख. 31 मार्च

ग. 30 जून

घ. 31 जुलाई

आयकर विभाग ने कहा है की 31 मार्च तक आधार से पैन कार्ड के नहीं जुड़े होने पर पैन कार्ड को निष्क्रिय कर दिया जायेगा. आयकर विभाग के मुताबिक, 27 जनवरी 2020 तक 30.75 करोड़ पैन को पहले ही आधार से जोड़ चुके है.

Q19. भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड के पहले प्रमुख कार्यकारी अधिकारी _____ ने अपने पद से इस्तीफ़ा दे दिया है?

क. संजय बांगर

ख. संदीप लखटकिया

ग. राहुल जौहरी

घ. सौरव गांगुली

बीसीसीआई के पहले प्रमुख कार्यकारी अधिकारी राहुल जौहरी ने हाल ही में अपने पद से इस्तीफ़ा दे दिया है. वे वर्ष 2016 में इस पद पर कार्यरत होने वाले पहले व्यक्ति थे.

SarkariExam.Com

Q20. निम्न में से किस देश और तालिबान के बीच शांति समझौते पर 29 फरवरी को हस्ताक्षर करने की घोषणा की गयी है?

क. चीन

ख. ऑस्ट्रेलिया

ग. अफगानिस्तान

घ .अमेरिका

अमेरिका और तालिबान के बीच शांति समझौते पर 29 फरवरी को हस्ताक्षर करने की घोषणा की गयी है. अमेरिका और तालिबान में शांति समझौते को लेकर हाल ही में सहमति हुई है जिससे अफगानिस्तान में 19 साल से जारी खूनी संघर्ष के खत्म होने के आसार बढ़ गए है.

SarkariExam.Com